पंजी.क्रमांक 3/एस.जी.आर. दिनांक 13.02.1996

सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित
प्रधान कार्यालय– विश्वनाथ चौराहा,
टीकमगढ़ (म.प्र.)–472001

Website- www.ssns.bank.in
दूरभाष– 07683–244384
Email-
ssnsbtikg@gmail.com
ssnho@ssns.bank.in

प्रधान कार्या./पत्र क्रं./ 668 दिनांक– 30/10/2026

आई.टी. अधिकारी की संविदा आधार पर भर्ती हेतु विज्ञापन

सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित टीकमगढ़, बैंक के मुख्यालय हेतु आई.टी. अधिकारी की संविदा आधार पर भर्ती के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों का विवरण

क्र.	पद का नाम	पदों की संख्या
1	संविदा आई.टी. अधिकारी	1

पंजीकृत डाक/स्पीड़ पोस्ट द्वारा आवेदन प्राप्त की अंतिम तिथि : दिनांक 20.11.2026 शाम 4.00 बजे तक

1. **शैक्षणिक योग्यता :–**

आई.टी. अधिकारी के लिए योग्यताये निम्नानुसार होगी।

1. **स्नातक डिग्री (Bachelor's Degree)**
   - न्यूनतम आवश्यकता – B.Tech/B.E./BCA
2. **स्नातकोत्तर डिग्री (Master's Degree)** धारको को प्राथमिकता दी जायेगी।
   - M.C.A. (Master's of Computer Application)
   - M.Tech

2. **आई.टी. अधिकारी पद हेतु निम्नलिखित कार्यो का अनुभव होना आवश्यक है :–**

- **डेटावेस प्रबंधन –**
- **नेटवर्किंग – LAN, WAN** और सर्वर प्रबंधन।
- **ऑपरेटिंग सिस्टम–(Windows/Linux Server)**
- **साईवर सुरक्षा** – डेटा को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल की समझ।
- कम्प्यूटर सॉफटवेयर एवं हार्डवेयर।
- सिस्टम एवं साईबर सिक्योरिटी से संबंधित समस्त ऑडिट का अनुभव।

3. **कार्य अनुभव –**

- आई.टी. और डेटा प्रोसेसिंग क्षेत्र में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है।

सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्या. पंजी. क्र.- 3/96 टीकमगढ़

4. **आयु :–** संविदा आई.टी. अधिकारी पद हेतु 01.11.2026 को न्यूनतम आयु – 21 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए। आयु की गणना कक्षा 10वीं अंकसूची में अंकित जन्मतिथि के आधार पर की जाएगी। पहले से किसी अन्य संस्था में कार्यरत उम्मीदवार को आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

5. **आवेदन शुल्क :–** संविदा आई.टी. अधिकारी पद के लिए आवेदन शुल्क रू. 500/– आवेदन निर्धारित किया गया है। आवेदन के शुल्क का भुगतान सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, टीकमगढ़ के पक्ष में जारी बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक द्वारा देय होगा, जो कि वापसी योग्य नहीं है।

6. संविदा आई.टी. अधिकारी पद के आवेदन हेतु मध्यप्रदेश के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी।

7. **आवश्यक दस्तावेज –** आवेदन के साथ सभी शैक्षणिक योग्यता अंकसूची, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, डिप्लोमा प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रतिलिपियां संलग्न करना आवश्यक है।

8. **भर्ती का पूर्ण विवरण और आवेदन–पत्र की प्राप्ति :–** भर्ती का पूर्ण विवरण और आवेदन–पत्र बैंक की वेबसाईट www.ssnsbank.in से डाउनलोड कर, आवेदन पूर्ण रूप से भरकर, आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट और आवश्यक दस्तावेजों की स्व प्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विश्वनाथ चौराहा टीकमगढ़ (म.प्र.) पिन–472001 के पते पर केवल पंजीकृत डाक/स्पीड़ पोस्ट द्वारा प्रेषित करें। अन्य किसी माध्यम द्वारा भेजा गया आवेदन मान्य नहीं किया जायेगा।

9. **साक्षात्कार के लिए चयन का आधार–**

   1. संविदा आई.टी. अधिकारी पद हेतु साक्षात्कार के लिए चयन पद के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा के प्राप्तांको के प्रतिशत एवं अनुभव के आधार पर किया जायेगा।

10. **साक्षात्कार के लिए बुलावे की सूचना–**

   साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी को साक्षात्कार की सूचना अभ्यर्थी के ई–मेल पर दी जायेगी। जिसके लिए आवेदन पत्र में अभ्यर्थी की स्पष्ट ई–मेल आईडी अंग्रेजी के कैपिटल अक्षरो में आवेदन पत्र के ई–मेल आईडी वालें कॉल्म में दो बार भरा होना आवश्यक है।

11. **भर्ती की शर्ते :–**

   A. विज्ञापित पद के लिए संविदा आधार पर नियुक्ति प्रथमतः एक वर्ष की अवधि के लिए की जायेगी। कार्य संतोषजनक पाये जाने पर सेवा अवधि बढ़ाई जा सकती है। यह नियुक्ति पूर्णतः



अस्थायी है, कार्य एवं आचरण संतोषजनक नहीं पाये जाने पर सेवायें बिना सूचना के कभी भी समाप्त की जा सकती है।

B. आवेदन–पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता अंकसूची, प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, डिप्लोमा प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, एवं मूल निवास प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रतिलिपियाँ एवं आवेदन शुल्क का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक संलग्न होना चाहिए।

C. साक्षात्कार में आने–जाने का यात्रा व्यय/भत्ता इत्यादि नहीं दिया जावेगा।

D. अंतिम चयन स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र तथा पुलिस विभाग द्वारा जारी चरित्र सत्यापन प्रमाण–पत्र, अनुकूल होने पर ही पूर्ण माना जावेगा।

E. दो से अधिक संतान वाले अभ्यर्थी अपात्र होंगे यदि, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ है (परन्तु निरर्हित नहीं होगा यदि एक संतान के जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है।)

F. बैंक की आवश्यकता अनुसार रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकेगा, बैंक संचालक मण्डल के पास विज्ञापित पदों पर पूर्ण रूप से/आंशिक रूप से नियुक्ति, पदों की संख्या में परिवर्तन तथा विज्ञापन निरस्त करने के पूर्ण अधिकार होगें।

G. नियुक्ति से संबंधित समस्त अधिकार संचालक मण्डल के पास सुरक्षित रहेगे।

H. अभ्यर्थी द्वारा प्रदत्त जानकारी असत्य पाये जाने पर आवेदक की अभ्यर्थिता चयन एवं नियुक्ति की स्थिति में निरस्त की जायेगी।

I. आवेदन अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण होने पर निरस्त कर दिया जावेगा।

J. समस्त संलग्न दस्तावेज स्व हस्ताक्षरित होने चाहिए।

K. आवेदन–पत्र के साथ स्वयं का पत्राचार का पूर्ण पता लिखा हुआ रू. 55.00 रू के डाक टिकट लगा एक रिक्त लिफाफा संलग्न करना होगा।

L. निर्धारित प्रारूप में पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र केबल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित टीकमगढ़, विश्वनाथ चौराहा, टीकमगढ़ (म.प्र.) पिन–472001 के पते पर दिनांक– 20.11.2026 शाम 4.00 बजे तक प्राप्त हो जाने चाहिए, इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों को मान्य नहीं किया जायेगा।

M. आवेदित पद का नाम आवेदन के लिफाफे पर स्पष्ट लिखा होना चाहिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
सरदार सिंह नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित टीकमगढ़,
विश्वनाथ चौराहा, टीकमगढ़ (म.प्र.) पिन–472001

आवेदन – पत्र का प्रारूप

नवीनत स्वहस्ताक्षरित पासपोट साईज फोटो

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
सरदार सिंह नागरिक सहाकरी बैंक मर्यादित
विश्वनाथ चौराहा, टीकमगढ़ (म.प्र.) पिन – 472001

विषयः–..... पद हेतु आवेदन–पत्र।

महोदय,

1.	पूरा नाम (हिन्दी में)	
	(अंग्रेजी बड़े अक्षर में)	
2.	पिता/पति का नाम	
3.	पहचान–पत्र (संलग्न करें)	आधार नं.–
		PAN नम्बर –
4.	संपर्क नम्बर – मोबाईल नंबर (यदि लैण्ड लाईन हो तो एस.टी.डी. कोड सहित लिखे)	
5.	पत्राचार का पूर्ण पता पिन कोड सहित	
6.	स्थायी पता पिनकोड सहित	
7.	ईमेंल आई.डी. (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)	
	ईमेल आई.डी. (दोबारा)	
8.	लिंग (पुरूष/महिला)	
9.	जन्मतिथि	
10.	आयु (01.11.2026 को)	..... वर्ष ..... माह ..... दिन
11.	बैंकड्राफ्ट/बैंकर्सचैक का विवरण (मूल प्रति आवेदन के साथ संलग्न करें)	ड्राफ्ट क्रं./बैंकर्स चैक क्र ..... दि. ..... राशि रू.....

12.	विवाहित / अविवाहित	
13.	वर्तमान / पूर्व में कार्यरत संस्था का नाम :–	1. 2.
	कार्यरत पद :–	
	आई.टी. एवं बैकिंग साफ्टवेयर से संबंधित कार्य का अनुभव	
	कुल अनुभव अवधि	
	(प्रमाण–पत्र एवं वेतन की खाता विवरणी संलग्न करें)	

14. शैक्षणिक योग्यता :–

(हाईस्कूल–10वी. की उत्तीर्ण परीक्षा से प्रारम्भ कर भरें)

क्रं.	उत्तीर्ण परीक्षा	बोर्ड / विवि का नाम	वर्ष	विषय	कुल अंक	प्राप्तांक	प्रतिशत	श्रेणी

15 अन्य योग्यता / अनुभव (प्रमाण–पत्र संलग्न करें) –

नोट –

1. आवेदन अपूर्ण अथवा त्रुटि पूर्ण होने पर निरस्त कर दिया जावेगा।
2. समस्त संलग्न दस्तावेज स्व.हस्ताक्षरित होने चाहिए।
3. रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट से ही आवेदन स्वीकार किया जावेगा। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जायेगा।
4. बैंक की बेवसाइट पर उपलब्ध भर्ती से संबंधित विज्ञप्ति में जो भी शर्तें उल्लेखित हैं, वो मुझे मान्य हैं।

घोषणा – पत्र

मैं घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारियॉ क्रं. 1 से 15 सही एवं सत्य है।

स्थान –

दिनांक –

आवेदक के हस्ताक्षर